सदन विभाजन (5 अप्रैल 2024)

सह-पाठयक्रम गतिविधियाँ औपचारिक शिक्षण अनुभवों का एक विस्तार है और शैक्षणिक गतिविधियों के पूरक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वे बच्चों के अंदर रुचि, भाषा कौशल, संचारी कौशल, हिस्टोरिक कौशल और कलात्मक कौशल को बेहतर बनाने में मदद करता हैं।

अतः विद्यालय की गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतू चार सदन (शिवाजी, टैगोर, अशोका, रमन) व छह क्लब का विभाजन कर उनके प्रभारी बनाए गए। जिसके अंतर्गत सदनीय व अंतर सदनीय प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाएगा।

तरुणोत्सव 8 अप्रैल - 27 अप्रैल 2024

किशोरावस्था किसी भी व्यक्ति के जीवन की सबसे महत्वपूर्ण उम्र होती है जहां हम मस्तिष्क और शरीर में प्रमुख बदलावों का अनुभव करते हैं। वहीं यह अवधि हमें अपना करियर पथ तय करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती हैं छात्रों के बीच इस दुविधा को दूर करने के लिए के .वि.आर के पुरम सैक्टर - 8 में तरुणोत्सव का आयोजन 8 अप्रैल से 27 अप्रैल तक किया गया।

अतिथि वक्ताओं के जीवंत व्यक्तित्व और उनके उल्लेखनीय वक्तृत्व कौशल ने छात्रों को उनकी शंकाओं के लिए पर्याप्त समाधान प्राप्त करने में मदद की, साथ ही उन्हें हर कठिनाई का सामना करने की प्रेरणा भी मिली।